दिन– शनिवार

दिनांक– 19 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई मेन के दूसरे सत्र के परिणाम घोषित। चौबीस विद्यार्थियों ने परफेक्ट एक सौ एनटीए स्कोर प्राप्त किया।

02. ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सार्वजनिक चेतावनी जारी की।

03. दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने से जुड़ी खबर को केन्द्र सरकार ने झूठा, भ्रामक और निराधार बताया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी से प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान में बढ़ोतरी।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा–जेईई मेन, दो हजार पच्चीस के दूसरे सत्र का परिणाम जारी कर दिया है। इस बार, कुल चौबीस विद्यार्थियों ने एक सौ का परफेक्ट एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों में राजस्थान के मोहम्मद अनस और आयुष सिंघल, दिल्ली के दक्ष तथा हर्ष झा, पश्चिम बंगाल के देवदत्त माझी और महाराष्ट्र के आयुष रवि चौधरी शामिल हैं। कट–ऑफ के साथ परिणाम जेईई मेन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

---

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र, आई–फोर सी ने आज ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी को लेकर सार्वजनिक चेतावनी जारी की। मंत्रालय ने विशेष रूप से ऐसे मामलों को लेकर सचेत किया है, जिनमें देश में धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को निशाना बनाया जा रहा है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से..

–––रिपोर्ट–––

गृह मंत्रालय ने कहा है कि फर्जी वेबसाइट, भ्रामक सोशल मीडिया पेज, फेसबुक पोस्ट और गूगल जैसे सर्च इंजन पर पेड विज्ञापनों के जरिए बड़ी संख्या में धोखाधड़ी की जा रही है। इन घोटालों में पेशेवर दिखने वाली लेकिन फर्जी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्रोफाइल और व्हाट्सएप अकाउंट बनाना शामिल है जो केदारनाथ और चार धाम के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं। मंत्रालय ने लोगों से आग्रह किया है कि वे केवल आधिकारिक सरकारी पोर्टल या विश्वसनीय ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से ही बुकिंग करें।

मंत्रालय ने ऐसी घटनाओं की तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट आई एन पर या हेल्पलाइन नंबर 1 9 3 0 पर कॉल करके रिपोर्ट करने की भी सलाह दी है। इस तरह की घोटालों को रोकने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। पल्लवी परमार के साथ सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

केन्द्र सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया है। वित्त मंत्रालय ने एक वक्तव्य में स्पष्ट किया कि सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। इसमें कहा गया है कि जीएसटी केवल मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एमडीआर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है, जो कुछ उपकरणों का उपयोग करके किए गए भुगतान से संबंधित होते हैं।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि वक्फ कानून से मुस्लिम समाज को बहुत लाभ होगा। पटना में भाजपा प्रदेश कार्यालय में वक्फ कानून विधेयक को लेकर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा कि विपक्षी पार्टियां वक्फ कानून पर भ्रांति फैलाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मुस्लिम समाज के पसमांदा वर्ग को न्याय देने के लिए लाया गया है।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि नया वक्फ कानून मुसलमानों के हित में है। भागलपुर में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में मुसलमानों के लिए भारत जैसा सुरक्षित देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा नेता कहीं नहीं मिलेगा।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हज यात्रियों को राज्य सरकार की ओर से सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। श्री कुमार ने हज यात्रा को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विभिन्न जगहों पर हज

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए वरीय अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कहा है कि राज्य की जनता भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध से त्रस्त है। श्री यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो गया है।

———बाइट———

इधर, जदयू और भाजपा ने एक स्वर में राजद नेता के बयानों का निंदा की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भ्रष्टाचार की गंगोत्री में स्नान करने वाले राजद और महागठबंधन के नेता हास्यास्पद बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शायद राजद नेता चारा घोटाला, जमीन के बदले नौकरी घोटाला समेत अन्य घोटालों में अदालती कार्रवाई को भूल रहे हैं।

———बाइट———

वहीं, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव को पहले स्वयं के और अपने पार्टी नेताओं के भ्रष्टाचार पर बयान देना चाहिए।

---

पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री झा ने कहा कि डबल इंजन सरकार से बिहार को काफी फायदा हो रहा है और लोग नहीं चाहते कि इसमें कोई बदलाव हो। उन्होंने विपक्ष पर भ्रष्टाचार के नाम पर लोगों में भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया।

———बाइट———

---

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी आने से प्रदेश में एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम भागों के एक–दो स्थानों पर हल्की बारिश और उत्तर–पूर्व के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं, पश्चिम चंपारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णियां में

एक–दो स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी उनचालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने असमय बारिश और तूफान से हुई फसल क्षति को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर किसानों को राहत दिए जाने का अनुरोध किया है। श्री वर्मा ने फसलों को हुए नुकसान का सर्वेक्षण कराने और फसल क्षति का उचित मुआवजा दिये जाने का आग्रह भी किया है।

---

आज विश्व लीवर दिवस है। दुनियाभर में लीवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान लोगों को लीवर की बीमारियों से बचने के लिए तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से दूर रहने और स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। श्री शाह ने विश्व लीवर दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान द्वारा आयोजित स्वस्थ लीवर–स्वस्थ भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले ग्यारह वर्षों में स्वास्थ्य ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

–––बाइट–––

लोगों में लीवर के रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री अमित शाह ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम पर विशेष बल दिया।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार मई को पटना में खेलो इंडिया यूथ गेम्स, दो हजार पच्चीस का उद्घाटन करेंगे। खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने कहा है कि चार मई से पंद्रह मई तक चलने वाले विभिन्न खेलों में दस हजार से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे।

———बाइट———

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईस्टर की पूर्व संध्या पर देश और विदेश में रहने वाले ईसाई समुदाय सहित सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने कहा है कि पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। श्री अग्रवाल ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत आयोजित एक संगोष्ठि में यह बात कही। इधर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र पान्डेय ने बिना अनुमति मुख्यालय से गायब रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध दण्डात्मक कारवाई के निर्देश दिए हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई मेन के दूसरे सत्र के परिणाम घोषित। चौबीस विद्यार्थियों ने परफेक्ट एक सौ एनटीए स्कोर प्राप्त किया।

02. ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सार्वजनिक चेतावनी जारी की।

03. दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने से जुड़ी खबर को केन्द्र सरकार ने झूठा, भ्रामक और निराधार बताया।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी से प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान में बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।